# 7.25 लाख घरों की छत पर सूरज से बनेगी बिजली

**हि खास**

■ सलीम अहमद

मेरठ। पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना में पश्चिमांचल के 14 जिलों में करीब पांच लाख लोग **योजना** का लाभ उठाने के लिए रजिस्ट्रेशन करा चुके हैं। सोलर रूफ टॉप पैनल लगवाने और सरकार की ओर से मिल रही सब्सिडी का लाभ उठाने के **लिए** करीब एक लाख उपभोक्**ताओं ने** आवेदन किए हैं। पश्चिमांच**ल में सात** लाख 25 हजार घरेलू उपभोक्ताओं को लाभान्वित किए जाने का लक्ष्य है।



**5571**
उपभोक्ताओं ने मेरठ जिले में योजना का लाभ लेने के लिए किया आवेदन

पीवीवीएनएल अधिकारियों ने **पश्चिम**ांचल में शहर से **गांवों तक** पीएम सूर्य घर बिजली **योजना के प्रति** लोगों को जागरूक करने के लिए मुहिम छेड़ दी है। शहर से गांवों तक मेगा शिविर लगाए जा रहे हैं। सोलर रूफ टॉप पैनल लगवाने में केंद्र और प्रदेश सरकार की ओर से सब्सिडी दी जा रही है। स्मार्ट ताऊ जी और डिजिटल ताईजी मुहिम और नुक्कड़ नाटक से जागरूकता कार्यक्रम शुरू कर दिए हैं। इस योजना में यूपी नेडा द्वारा स्टेट सब्सिडी और सेंट्रल सब्सिडी एमएनआरई की ओर से प्रदान की जाती है। ग्रिड को सौर ऊर्जा से जोड़ने के लिए नेट मीटरिंग का प्रयोग किया जाता है। मेरठ जिले में 5571 उपभोक्ताओं ने योजना का लाभ लेने को आवेदन किए।

## ऐसे कर सकते हैं आवेदन

योजना का लाभ उठाने के लिए उपभोक्ता pmsuryaghar. gov. in पोर्टल पर आवेदन कर सकते हैं। अपने नजदीकी खंड, उपखंड कार्यालय में संपर्क कर योजना की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। सोलर रूफ टॉप लगवाने के बाद उपभोक्ता के मासिक बिजली बिलों में प्रभावी कमी होगी। अगले 20 से 25 वर्षो तक प्लांट द्वारा आपूर्ति होती रहेगी।

" सोलर रूफटॉप संयंत्र स्थापित करने के लिए किफायती ईएमआई तथा सात प्रतिशत की कम ब्याज दर पर, बैंक लोन पीएम जन समर्थ पोर्टल के माध्यम से उपलब्ध कराया जा रहा है। 7 लाख 25 हजार घरेलू परिसरों पर सोलर रूफटॉप सयंत्र स्थापित करने का लक्ष्य आवंटित है।

– **ईशा दुहन**, एमडी, पीवीवीएनएल